आदर्श प्रश्नपत्र

2020

विषय : समाजशास्त्र
कक्षा–12

समय : 03 घण्टे 15 मिनट **पूर्णांक : 100**

निर्देशः– प्रारम्भ के 15 मिनट विद्यार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने हेतु निर्धारित हैं।

नोट– i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

ii) प्रश्न संख्या 01 से 10 तक **बहुविकल्पीय** हैं प्रश्न संख्या–11 से 20 तक **अति लघुउत्तरीय** है; जिनका उत्तर (प्रत्येक) लगभग 25 शब्दों में देना है। प्रश्न संख्या–21 से 26 तक **लघु उत्तरीय** हैं; जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 50 शब्दों में देना है। प्रश्न संख्या 27 से 29 तक **दीर्घ उत्तरीय** हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 150 शब्दों में देना है।

बहु–विकल्पीय प्रश्न

1. राष्ट्रवाद का जन्म किसके परिणाम स्वरूप हुआ? 01

(i) सम्प्रदाय (ii) जातिवाद

(iii) उपनिवेशवाद (iv) प्रजातिवाद

2. भारतीय संविधान में किस अनुच्छेद में 'अस्पृश्यता' का अंत किया गया? 01

(i) अनु0 14 (ii) अनु0 15

(iii) अनु0 16 (iv) अनु0 17

3. किसके प्रयासों से 'सतीप्रथा' का अन्त हुआ? 01

(i) राजाराम मोहन राय (ii) ज्योतिबाफूले

(iii) विद्यासागर (iv) रवीन्द्र नाथ टैगोर

4. भारतीयों को सरकारी अभिलेखों तक पहुँच बनाने के लिए 'सूचना का अधिकार' (RTI) अधिनियम कब पारित हुआ? 01

(i) सन् 2004 ई0 (ii) सन् 2005 ई0

(iii) सन् 2007 ई0 (iv) सन् 2009 ई0

5. "मैं मशीनों के प्रति पागलपन का विरोधी हूँ लेकिन मशीनों का विरोधी नहीं हूँ।" यह कथन निम्न में से किस महापुरूष का है? 01

(i) सुभाष चन्द्र बोस (ii) महात्मा गाँधी

(iii) जवाहर लाल नेहरू (iv) लाल बहादुरशास्त्री

6. राज्य पुनर्गठन आयोग की स्थापना किस सन् में हुई? 01

(i) 1955 (ii) 1956

(iii) 1960 (iv) 1965

7. 73वें तथा 74वें संविधान संशोधन द्वारा ग्राम पंचायतों में महिलाओं को कितना आरक्षण प्रदान किया गया? 01

(i) आधा (½) (ii) दो तिहाई (2/3)

(iii) एक तिहाई (1/3) (iv) चौथाई (¼)

8. भारत में भूमि सुधार कानून बने– 01

(i) 1950 से 60 दशक में (ii) 1950 से 2000 तक

(iii) 1950 से 70 तक (iv) 2000 से 2010 तक

9. उदारीकरण का सम्बन्ध है– 01

(i) शैक्षिक नीति से (ii) सामाजिक नीति से

(iii) उपनिवेशवादी नीति से (iv) आर्थिक नीतिगत निर्णयों से

10. भारत में वाणिज्यिक मोबाइल सेवाएँ प्रारम्भ हुयीं– 01

(i) सन् 1950 ई0 से (ii) सन् 1975 ई0 से

(iii) सन् 1995 ई0 से (iv) सन् 1999 ई0 से

अति लघु–उत्तरीय प्रश्न

11. साम्प्रदायिकता का अर्थ बताएँ? 03

12. प्रथम पिछड़ा वर्ग आयोग कब बना तथा इसकी अध्यक्षता किसने की? 03

13. सत्यशोधक समाज की स्थापना किसके द्वारा और क्यों की गयी? 03

14. संविधान की आठवीं अनुसूची में कितनी भाषाओं को स्थान दिया गया था? 03

15. भारत में नगरीकरण के प्रभाव क्या–क्या पड़े? 03

16. 'संस्कृतीकरण' से आप क्या समझते हैं? यह अवधारणा किसके द्वारा दी गई? 03

17. पश्चिमीकरण की विशेषताएँ बताइये? 03

18. औद्योगीकरण द्वारा भारत में क्या–क्या परिवर्तन हुए? 03

19. स्वतंत्रता से पूर्व भारत में उद्योग किन–किन नगरों तक सीमित थे? 03

20. भूण्डलीकरण से क्या राजनीतिक परिवर्तन हो रहे हैं? 03

लघु–उत्तरीय प्रश्न

21. स्त्री–पुरूष अनुपात का क्या अर्थ है? भारत में गिरते हुए स्त्री–पुरूष अनुपात के लिये उत्तरदायी कारकों का वर्णन कीजिए? 06

22. 'बाजार एक सामाजिक संस्था है।' स्पष्ट करें? 06

23. क्षेत्रवाद को समझाते हुए इसके कारणों को स्पष्ट करें? 06

24. हित समूह (दबाव समूह) को परिभाषित करते हुए समझाइये कि यह प्रकार्यशील लोकतंत्र का अभिन्न अंग है? 06

25. हरित क्रान्ति का अर्थ बताते हुए कृषक समाज पर पड़ने वाले इसके प्रभावों का उल्लेख कीजिए? 06

26. जनसंचार माध्यम के रूप में क्या रेडियो की भूमिका खत्म हो रही है? अपने विचार प्रस्तुत करें। 06

दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न

27. परिवार से आप क्या समझते हैं? इसके प्रमुख स्वरूपों की व्याख्या करें। 08

अथवा

जाति व्यवस्था को परिभाषित करिए। इस व्यवस्था के बाध्यकारी नियमों का उल्लेख करें?

28. सामाजिक सर्वेक्षण किसे कहते हैं? इसके प्रमुख उद्देश्य बताइए? 08

अथवा

साक्षात्कार से आप क्या समझते हैं? सामाजिक अनुसंधान की प्रविधि के रूप में साक्षात्कार के उद्देश्य बताइए?

29. सामाजिक आन्दोलन की अवधारणा स्पष्ट करें तथा इसके विभिन्न प्रकार बताइए? 08

अथवा

'जनजातीय आन्दोलन' स्पष्ट करते हुए इन आन्दोलनों के प्रमुख कारणों की व्याख्या करें?

*****